कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ—226007

संदर्भ संख्या : R/ 749 /सम्ब. अनु./2019

दिनांक : 20.5.2019

सेवा में,

अनुस्मारक

प्राचार्य/प्राचार्या,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय/महोदया,

कृपया आपके महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कार्यरत संविदा पर शिक्षकों के सम्बन्ध में यह संज्ञान में लाया गया है कि महाविद्यालय द्वारा उन्हें शासनादेश संख्या संख्या : 968/सत्तर–2–2013–18(99)/2013, दिनांक 30 मई, 2013 एवं शासनादेश संख्या 392(1)/सत्तर–2–2018 दिनांक 10.09.2018 की व्यवस्थानुसार उन्हें वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा निम्न प्रारूप पर सूचनायें अपेक्षित की गई थीं किन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा सूचनायें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं अथवा पूर्ण सूचना (वेतन एवं सीपीएफ दोनों के सम्बन्ध में) उपलब्ध नहीं कराई गई है :—

1. महाविद्यालय का नाम : ....
2. महाविद्यालय की स्थिति : ....
   (अनुदानित/स्ववित्तपोषित)
3. महाविद्यालय में संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम की सूचना :—

तालिका—1

क्रमांक	स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम का नाम	स्वीकृत प्रवेश क्षमता	कुल प्रवेशित विद्यार्थियों की जन संख्या (सभी वर्षों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का योग)	निर्धारित शुल्क (रू0 में)	कुल शुल्काय (रू0 में)	अन्य आय (यदि कोई हो)	योग (रू0 में)	75 से 80 प्रतिशत शुल्काय का अंश (रू0 में)

तलिका—2

क्रमांक	स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम का नाम	अनुमोदित/कार्यरत शिक्षकों की कुल संख्या		प्रति शिक्षक को देय वेतन	सी0पी0एफ0 कटौती की धनराशि (रू0 में)		
		अनुमोदित	कार्यरत		शिक्षक से	महाविद्यालय का अंशदान	योग (रू0 में)

अतः ऐसे महाविद्यालयों जिनके द्वारा संदर्भित पूर्ण सूचनायें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं, से पुनः अनुरोध है कि महाविद्यालय में संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में उपरोक्त प्रारूप पर सूचना/आख्या साक्ष्यों सहित एक सप्ताह के अन्दर कुलसचिव कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : R/ 749/2019 दिनांक : 20.5.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा (अनुभाग–1), उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. इंचार्ज, वेबसाइट/ कम्प्यूटर सेन्टर, ल0वि0वि0 को पत्र दिनांक 16.10.2018 की छायाप्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।